कार्यालय अधिष्ठाता
राजमाता श्रीमति देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर, सरगुजा (छ०ग०)

Telephone No. 07774-297800 E-mail – deanmedicalcollegesurguja@gmail.com

क्र./5717 /शा.चि.म./स्था./2021 अम्बिकापुर, दिनाँक 20/10/2021

//सूचना//

--::oo::--

राजमाता श्रीमति देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय में स्टॉफ नर्स के स्वीकृत 166 पदों की पूर्ति सीधी भर्ती के माध्यम से आदेश क्रमांक/2033/शा.चि.म./स्था./2021 अम्बिकापुर, दिनाँक 10.04.2021 के द्वारा संस्था की अद्यतन रिक्तियाँ के आधार पर सरगुजा संभाग रोस्टर आरक्षण का पालन करते हुए नियमानुसार 138 अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान की गई है।

उपरोक्त आदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग के कुल 15 अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में अर्जित अंक के आधार पर वरिष्ठता क्रम में छ.ग. शासन द्वारा समय-समय पर जारी आदेश/निर्देश का पालन करते हुए 53 अंक व इससे ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान किया गया है।

उपरोक्तानुसार स्टॉफ नर्स पद पर चयन उपरांत स्टॉफ नर्स भर्ती परीक्षा में सम्मिलित शेष अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों जो 52 अंक अथवा उससे कम अंक अर्जित किये हैं उनकी वरिष्ठता क्रम में लिखित परीक्षा में प्राप्तांको के आधार पर सूची जारी किया जाता है।

अतः अभ्यर्थी महाविद्यालय के सूचना पटल व वेबसाईट **www.gmcambikapur.co.in** पर अवलोकन कर सकते हैं।

विशेष टीप :- (1) सूची में नाम सम्मिलित होने का यह आशय नहीं है कि नियुक्ति अनिवार्य रूप से दी जावेगी।

(2) प्रतिक्षा सूची में से नियुक्ति हेतु विचारण पूर्णतः एक प्रशासकीय निर्णय है, इस हेतु अभ्यर्थी के कोई भी दावा मान्य नहीं होंगे।

(3) सूची में लिपिकीय अथवा टंकण त्रुटि पाये जाने पर कार्यालय में उपलब्ध अभिलेख ही मान्य होंगे।

अधिष्ठाता 20/10/2021
राजमाता श्रीमति देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)